**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं0 71***
**07 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए**

**पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण आवेदन**

***71. डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः**

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं से प्राप्त आवेदनों, अनुमोदित आवेदनों और उन्हें संवितरित ऋण राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण राशि सीधे संवितरित की जाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की संख्या और उनका ब्यौरा क्या है और देश में राज्य/जिला-वार, विशेषकर तमिलनाडु में, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत वेब पोर्टल के प्रयोक्ताओं सहित प्राप्त आवेदनों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत निजी बैंकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और कुल संस्वीकृति और संवितरण में उनकी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) सरकार द्वारा अधिक से अधिक विक्रेताओं के वित्तीय समावेशन और उनके रहन-सहन की स्थिति में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(च) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान शहरी स्थानीय निकायों द्वारा महाराष्ट्र में पथ विक्रेताओं को जिला-वार कुल कितने विक्रय प्रमाण-पत्र अथवा पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी किए गए हैं;

(छ) क्या सरकार ने देश भर में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा विक्रय प्रमाण-पत्र अथवा पहचान पत्र जारी करने से इंकार किए जाने के मामलों पर ध्यान दिया है; और

(ज) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई अपीलीय तंत्र मौजूद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**

**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

(क) से (ज): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

********

# विवरण

**पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण आवेदन के संबंध में 07.12.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 71* के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क): तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) के तहत पथ विक्रेताओं से प्राप्त ऋण आवेदनों की संख्या, स्वीकृत और संवितरित ऋण राशि का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख): जी हाँ। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण संस्थानों द्वारा सीधे ही ऋण राशि संवितरित की जाती है। पीएम स्वनिधि योजना में भाग लेने वाली ऋणदात्री संस्था-वार वितरित ऋण की कुल राशि का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ग): पथ विक्रेताओं की डिजिटल ऑनबोर्डिंग पीएम स्वनिधि योजना का एक अभिन्न अंग है। जैसे, ऑन-बोर्ड लाभार्थियों को संबंधित ऋण संस्थानों द्वारा पेनी ड्रॉप ट्रांजेक्शन आयोजित करके डेबिट और क्रेडिट लेनदेन में प्रशिक्षित किया जाता है। अद्यतन, 31.44 लाख से अधिक पथ विक्रेता डिजिटल रूप से सक्रिय हैं।

इसके अलावा, केंद्र प्रायोजित योजना-दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के तहत "शहरी पथ विक्रेताओं (एसयूएसवी) को सहायता" के दिशानिर्देशों के अनुसार शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) संसाधन संस्था और फील्ड स्टाफ के सहयोग से चिह्नित पथ विक्रेताओं के लिए वित्तीय साक्षरता पर सत्र आयोजित करेगा।

दिनांक 29.11.2023 तक, पीएम स्वनिधि योजना के तहत कुल 96.34 लाख पात्र आवेदन प्राप्त हुए हैं। देश भर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत वेब पोर्टल के उपयोगकर्ताओं के साथ प्राप्त पात्र आवेदनों की संख्या का विवरण, जिसमें तमिलनाडु राज्य का जिलेवार डेटा भी शामिल है, **अनुलग्नक-III** में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, पीएम स्वनिधि पोर्टल पर 2,22,788 संस्थागत उपयोगकर्ता ऑनबोर्ड हैं।

(घ): जी हाँ। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) निजी क्षेत्र के बैंकों सहित ऋणदाता संस्थानों के साथ नियमित रूप से संयुक्त/अलग समीक्षा बैठकें आयोजित करते हैं ताकि योजना के तहत उनके निष्पादन को बेहतर बनाया जा सके। 29 नवंबर, 2023 तक, निजी क्षेत्र के बैंकों ने 153.76 करोड़ रुपये के 1,26,090 ऋण संवितरित किए हैं।

(ङ): पीएम स्वनिधि योजना शहरी क्षेत्रों में विक्रय करने वाले सभी पथ विक्रेताओं के लिए उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त, योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले ऋण को 31 मार्च, 2022 से बढ़ाकर दिसंबर, 2024 तक कर दिया गया है। इससे अधिक से अधिक विक्रेताओं को योजना के दायरे में लाने में सहायता मिलेगी।

पीएम स्वनिधि योजना के तहत 'स्वनिधि से समृद्धि' घटक का शुभारंभ, लाभार्थियों के परिवारों की जीवन स्थितियों में सुधार हेतु सुरक्षा कवच बनाने के लिए 04 जनवरी, 2021 को किया गया था।

इसका उद्देश्य पथ विक्रेताओं के समग्र विकास और सामाजिक-आर्थिक उत्थान को लक्षित करते हुए लाभार्थी परिवारों को भारत सरकार की मौजूदा आठ कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। ये योजनाएं हैं - पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जन धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, भवन और अन्य निर्माण श्रमिकों (बीओसीडब्ल्यू) के तहत पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना और पीएम मातृ वंदना योजना।

(च): पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 29.11.2023 तक, महाराष्ट्र राज्य में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा पथ विक्रेताओं को कुल 29,987 विक्रय प्रमाणपत्र (सीओवी) और 21,683 पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी किए गए हैं। इसका जिलेवार विवरण **अनुलग्नक-IV** पर दिया गया है।

(छ) और (ज): पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के प्रावधान के अनुसार, विक्रय प्रमाणपत्र और पहचान पत्र जारी करना राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत नगर विक्रय समिति की जिम्मेदारी है। उक्त अधिनियम की धारा 20 उपयुक्त सरकार को पथ विक्रेताओं की शिकायतों या विवादों का समाधान करने के उद्देश्य से एक या एक से अधिक शिकायत निवारण समिति (जीआरसी) गठित करने का अधिकार देती है।

******

**दिनांक 07.12.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 71 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

**तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं से प्राप्त ऋण आवेदनों की संख्या, स्वीकृत और संवितरित ऋण राशि का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण**

**(29.11.2023 की स्थिति के अनुसार)**

| **क्र सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **पात्र ऋण आवेदन** | **स्वीकृत आवेदन** | **संवितरित ऋण** | **संवितरित राशि (करोड़ रू. में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | 6,58,158 | 4,89,118 | 4,61,079 | 593.9 |
| 2. | महाराष्ट्र | 11,13,464 | 8,68,133 | 7,82,013 | 933.1 |
| 3. | ओडिशा | 1,08,266 | 84,959 | 79,919 | 113.7 |
| 4. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1,038 | 926 | 877 | 1.3 |

डेटा स्रोत:- पीएम स्वनिधि पोर्टल

**दिनांक 07.12.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 71 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II**

**पीएम स्वनिधि योजना के तहत संवितरित ऋण की कुल राशि का ऋणदात्री संस्थान-वार ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण**

**(29.11.2023 की स्थिति के अनुसार)**

| क्र. सं. | ऋणदाता संस्थान का प्रकार | कुल संवितरित ऋण | संवितरित ऋण की राशि (करोड़ रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पीएसबी – निजी क्षेत्र बैंक | 68,25,004 | 8,977 |
| 2 | निजी बैंक | 1,25,852 | 153 |
| 3 | एसएफबी – लघु वित्त बैंक | 12,476 | 15 |
| 4 | एनबीएफसी – गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां | 89 | 0.089 |
| 5 | राज्य सहकारी बैंक | 1,19,108 | 158 |
| 6 | एफएफआई – सूक्ष्म वित्त संस्थान | 11,872 | 17 |
| 7 | शहरी सहकारी संस्थान | 2,117 | 3 |
| 8 | आरआरबी - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 2,81,803 | 379 |
| 9 | डीसीबी – जिला सहकारी बैंक | 18,811 | 20 |
| | **कुल** | **73,97,132** | **9,722.089** |

डेटा स्रोत:- पीएम स्वनिधि पोर्टल

**दिनांक 07.12.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 71 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-III**

**तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत वेब पोर्टल के उपयोगकर्ताओं सहित प्राप्त पात्र आवेदनों की संख्या का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण।**

**(29.11.2023 की स्थिति के अनुसार)**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | कुल पात्र आवेदन | वेब पोर्टल के कुल उपयोगकर्ता |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1,038 | 617 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4,95,186 | 4,24,805 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 7,785 | 7,211 |
| 4 | असम | 1,62,215 | 1,62,257 |
| 5 | बिहार | 1,93,473 | 1,87,054 |
| 6 | चंडीगढ़ | 9,685 | 6,226 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1,32,804 | 1,19,010 |
| 8 | दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली | 3,039 | 2,533 |
| 9 | दिल्ली | 2,77,704 | 2,55,201 |
| 10 | गोवा | 2,883 | 1,893 |
| 11 | गुजरात | 6,92,098 | 6,58,645 |
| 12 | हरियाणा | 2,50,148 | 2,45,347 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 9,892 | 6,185 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 33,702 | 20,496 |
| 15 | झारखंड | 1,34,312 | 1,24,192 |
| 16 | कर्नाटक | 5,18,883 | 4,89,304 |
| 17 | केरल | 96,692 | 90,690 |
| 18 | लद्दाख | 854 | 480 |
| 19 | लक्षद्वीप | - | - |
| 20 | मध्य प्रदेश | 12,66,318 | 9,63,690 |
| 21 | महाराष्ट्र | 11,13,464 | 11,67,920 |
| 22 | मणिपुर | 22,186 | 17,483 |
| 23 | मेघालय | 3,847 | 3,525 |
| 24 | मिज़ोरम | 2,745 | 2,460 |
| 25 | नागालैंड | 5,111 | 3,970 |
| 26 | ओडिशा | 1,08,266 | 81,688 |
| 27 | पुडुचेरी | 4,775 | 3,817 |
| 28 | पंजाब | 2,26,170 | 2,30,014 |
| 29 | राजस्थान | 2,64,835 | 2,48,214 |
| 30 | सिक्किम | 1,132 | 1,186 |
| 31 | तमिलनाडु | 6,58,158 | 5,64,931 |
| 32 | तेलंगाना | 7,48,951 | 5,23,903 |
| 33 | त्रिपुरा | 8,110 | 6,135 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 18,97,398 | 17,91,191 |
| 35 | उत्तराखंड | 40,817 | 31,439 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2,39,555 | 2,40,589 |
| | **कुल योग** | **96,34,231** | **86,84,301** |

डेटा स्रोत:- पीएम स्वनिधि पोर्टल

**तमिलनाडु राज्य में पीएम स्वनिधि योजना के तहत वेब पोर्टल के उपयोगकर्ताओं सहित प्राप्त पात्र आवेदनों की संख्या का जिलावार डेटा दर्शाने वाला विवरण**

| जिले का नाम | कुल पात्र आवेदन | वेब पोर्टल के कुल उपयोगकर्ता |
|---|---|---|
| अरियालूर | 1,455 | 1,217 |
| चेंगलपट्टू | 7,597 | 7,037 |
| चेन्नई | 1,57,888 | 1,31,402 |
| कोयंबतूर | 52,551 | 43,865 |
| कुड्डालोर | 17,013 | 14,337 |
| धर्मपुरी | 4,095 | 4,270 |
| डिंडीगुल | 18,046 | 15,531 |
| इरोड | 17,612 | 15,903 |
| कांचीपुरम | 26,998 | 24,098 |
| कन्याकुमारी | 17,126 | 13,108 |
| करूर | 7,482 | 6,180 |
| कृष्णागिरी | 6,673 | 5,903 |
| मदुरै | 34,518 | 27,635 |
| नागपट्टिनम | 7,695 | 6,340 |
| नमक्कल | 11,196 | 10,047 |
| पेरम्बलुर | 1,419 | 1,377 |
| पुदुक्कोट्टई | 5,470 | 4,427 |
| रामनाथपुरम | 7,728 | 5,974 |
| रानीपेट | 2,332 | 2,210 |
| सलेम | 37,872 | 36,744 |
| शिवगंगा | 6,604 | 5,955 |
| तेनकासी | 5,019 | 4,264 |
| तांजावुर | 16,199 | 13,380 |
| नीलगिरी | 8,846 | 7,190 |
| तेनी | 15,638 | 11,803 |
| तिरुवल्लुर | 12,833 | 11,308 |
| थिरुवरुर | 5,856 | 5,062 |
| तिरुचिरापल्ली | 28,967 | 24,885 |
| तिरुनेलवेली | 17,203 | 14,145 |
| तिरुपथुर | 3,943 | 3,400 |
| तिरुपुर | 23,751 | 22,022 |
| तिरुवन्नामलाई | 9,888 | 10,977 |
| तूतीकोरिन | 14,299 | 12,118 |
| वेल्लोर | 20,790 | 18,191 |
| विल्लुपुरम | 12,281 | 11,512 |
| विरुधुनगर | 13,275 | 11,114 |
| **कुल योग** | **6,58,158** | **5,64,931** |

डेटा स्रोत:- पीएम स्वनिधि पोर्टल

**दिनांक 07.12.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 71 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-IV**

**पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में जारी किए गए विक्रय प्रमाण पत्र (सीओवी) और पहचानपत्र का वर्ष-वार ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण**

**(29.11.2023 की स्थिति के अनुसार)**

| क्र. सं. | जिला का नाम | शहरी स्थानीय निकाय का नाम | 2020-2021 | | 2021-2022 | | 2022-2023 | | 2023-2024 (29.11.2023 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सीओवी की सं. | पहचान पत्र की सं. | सीओवी की सं. | पहचान पत्र की सं. | सीओवी की सं. | पहचान पत्र की सं. | सीओवी की सं. | पहचान पत्र की सं. |
| 1 | अमरावती | अमरावती | 0 | 0 | 0 | 2,120 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | | चंदूर रेलवे | 0 | 0 | 0 | 145 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | औरंगाबाद | सिल्लोद | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 75 | 0 | 0 |
| 4 | बुलढ़ाना | देवलगांव राजा | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | | शेंदुरजना | 0 | 286 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | | सिंदखेड़ राजा | 1 | 0 | 0 | 0 | 106 | 61 | 0 | 0 |
| 7 | चंद्रपुर | ब्रह्मपुरी | 0 | 422 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | कोल्हापुर | पारांदा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 168 | 0 | 0 |
| 9 | लातूर | लातूर | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 710 | 0 |
| 10 | उस्मानाबाद | तुल्जापुर | 0 | 434 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | परभणी | जिंतूर | 0 | 0 | 0 | 768 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | | मानवत | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 70 | 0 | 0 |
| 13 | | परभणी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 556 | 0 | 1,256 |
| 14 | | पातरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 480 | 0 | 0 |
| 15 | | पूर्णा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 299 | 0 | 0 |
| 16 | पुणे | पिंपरी-चिंचवाड़ | 5,704 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | | पुणे | 21,592 | 0 | 0 | 0 | 0 | 11,696 | 0 | 0 |
| 18 | सांगली | संगली मिराज कुपवाड़ | 0 | 1,275 | 0 | 0 | 0 | 1,562 | 0 | 0 |
| 19 | ठाणे | ठाणे | 1,865 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | **कुल** | **29,162** | **2,427** | **9** | **3,033** | **106** | **14,967** | **710** | **1,256** |

डेटा स्रोत:- महाराष्ट्र सरकार

*****